दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 04
अंकः-152
मुरादाबाद
(Sunday)
22 September 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मेंढर में अमित शाह बोले- 'पहले यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे, अब वही मुल्क PM मोदी से डरता है'

गृहमंत्री ने नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा कि पीएम मोदी के आने बाद ओबीसी, पिछड़ों, गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण मिला। जब मैंने बिल पेश किया, तो फारूक अब्दुल्ला की पार्टी ने विरोध किया और यहां गुर्जर भाइयों को भड़काना शुरू किया।जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव को धार देने के लिए शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मेंढर पहुंचे।



यहां जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 90 के दशक में जम्मू कश्मीर में कितनी गोलीबारी होती थी, याद है न आपको... अब गोलीबारी होती है क्या? पहले यहां गोलीबारी इसलिए होती थी, क्योंकि पहले यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे, अब पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डरता है। इनकी हिम्मत नहीं है गोलीबारी करने की और अगर इन्होंने गोलीबारी की तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।उन्होंने विपक्ष दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने (कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस) कहा है कि हम आरक्षण समाप्त करेंगे, जबकि हम (भाजपा) कह रहे हैं कि हम प्रमोशन में भी गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण देंगे। पीएम मोदी के आने बाद ओबीसी, पिछड़ों, गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण मिला। जब मैंने बिल पेश किया, तो फारूक अब्दुल्ला की पार्टी ने विरोध किया और यहां गुर्जर भाइयों को भड़काना शुरू किया। जब मैं राजौरी आया था, तब मैंने वादा किया था कि हम गुर्जर भाइयों के आरक्षण को कम नहीं करेंगे और पहाड़ियों को भी आरक्षण देंगे... और हमने आपना वो वादा निभाया।

### अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोला

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवार ने 90 के दशक से लेकर अब तक दशहतगर्दी फैलाई। आज पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर से दशहतगर्दी को समाप्त किया है। यहां के युवाओं के हाथ में पत्थर की जगह लैपटॉप दिया है।

## तिरुपति प्रसाद पर पूर्व राष्ट्रपति का बयानः बाबा विश्वनाथ का प्रसाद मिला तो खटका, सभी मंदिरों में हो जांच




बीएचयू में 'भारतीय गाय, जैविक कृषि एवं पंचगव्य चिकित्सा' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ का प्रसाद मिला तो तिरुपति प्रकरण की याद आई।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बीएचयू में तिरुमला तिरुपति को लेकर बड़ा बयान दिया। कहा कि कल मेरे पास बाबा विश्वनाथ का प्रसाद आया, तब मेरे मन में तिरुपति में प्रसाद की घटना याद आई। मैं बाबा विश्वनाथ से माफी चाहता हूं कि इस बार उनका दर्शन नहीं कर पाया लेकिन अगली बार करूंगा। देश के हर मंदिर की हो सकती है कहानी, ढंग से हो जांच - पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि कल रात मेरे कुछ सहयोगी बाबा विश्वनाथ धाम गए थे। रात में मुझे बाबा का प्रसादम दिया तो मेरे मन में तिरुमाला की घटना याद आई और मेरे मन में थोड़ा खटका। मैंने बाबा विश्वनाथ से कान पकड़कर माफी मांगी कि इस बार मैं आपका दर्शन नहीं कर पाया। लेकिन, बाबा विश्वनाथ के प्रसादम में हर किसी का अटूट भरोसा और श्रद्धा है।पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें कितना क्या है, उस पर जाना नहीं चाहता, लेकिन ये देश के हर मंदिर की कहानी हो सकती है। हर तीर्थ स्थल में ऐसी घटिया मिलावट हो सकती है। हिंदू धर्म के अनुसार ये बहुत बड़ा पाप है। इसकी ढंग से जांच हो।काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शताब्दी कृषि विज्ञान प्रेक्षागृह में 21-22 सितंबर को 'भारतीय गाय, जैविक कृषि एवं पंचगव्य चिकित्सा' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दीप प्रज्वलन कर किया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कुलगीत सुना। इस दौरान आईएमएस के डायरेक्टर प्रो. एसएन संखवार ने उनका स्वागत किया। संगोष्ठी में देसी नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन पर रायशुमारी की गई। आयुर्वेद संकाय के काय चिकित्सा विभाग एवं गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र देवलापुर, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, केरल, असम, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश आदि से लगभग 300 प्रतिभागी शोध पत्र प्रस्तुत किया। दो दिनों में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोध अध्येता समेत 500 से अधिक लोग जुटेंगे। नेपाल के विशेषज्ञ भी शामिल हुए हैं।संगोष्ठी का उद्देश्य देसी गाय, गोपालन एवं पंचगव्य चिकित्सा के जरिये जनमानस को होने वाली बीमारियों जैसे कैंसर, मधुमेह, अवसाद, रक्तचाप, एलर्जी आदि के उपचार के साथ जैविक खेती पर चर्चा करना था। पश्चिमी नस्ल की गायों जैसे जर्सी, होल्स्टीन और फ्राइजियन से प्राप्त दूध से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। भारतीय नस्ल की गायों गंगातीरी, साहीवाल, गिर, लाल सिंधी आदि से प्राप्त दूध ए-2 मिल्क की श्रेणी में आता है। गाय के दूध में है स्वर्ण भस्म- एक्सपर्ट प्रो. ओपी सिंह- गाय के दूध में स्वर्ण भस्म पाया जाता है। इसलिए इस दूध में हल्का पीलापन रहता है। ये रिसर्च भी हो चुकी है। इसका इस्तेमाल हर रोग में रामबाण जैसा काम करेगा। ये बातें बीएचयू के कृषि शताब्दी सभागार में शनिवार को शुरू हुए भारतीय गाय जैविक कृषि एवं पंचगवी चिकित्सा कार्यक्रम में एक्सपर्ट प्रो. ओपी सिंह ने कहीं। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बीएचयू का कुलगीत सुना और उसके बाद आईएमएस के डायरेक्टर प्रो. एस एन संखवार ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. ओपी सिंह ने कहा कि दुनिया में आयुर्वेद की शुरुआत काशी से होती है। पूर्व राष्ट्रपति का गाय और चिकित्सा से बहुत लगाव रहा है। की डिस ऑर्डर काफी बढ़ गया है। इसलिए अब हमें अपनी पुरानी इलाज पद्धति पर आना होगा। गाय की घी का पान हर व्यक्ति को करना चाहिए। देसी गाय के बिलौना घी का 10 से 20 ग्राम इस्तेमाल करना चाहिए। देसी गाय के मूत्र का पी एच 9 होता है। इसके पीने से कई रोग दूर होंगे।

## संक्षिप्त समाचार



### एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह होंगे अगले वायुसेना प्रमुख; विवेक राम चौधरी की जगह संभालेंगे जिम्मेदारी

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को वायुसेना के अगले प्रमुख होंगे। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह वर्तमान में वायुसेना के उप-प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। वे 30 सितंबर 2024 की दोपहर से अगले वायुसेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल का पदभार संभालेंगे। वर्तमान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी 30 सितंबर 2024 को पदमुक्त हो रहे हैं।

## काल बनकर दौड़ी कार, खड़े डंपर में पीछे से घुसी, चालक और दो महिलाओं समेत चार की मौत

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव हरनागरपुर के सामने दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें तेज रफ्तार कार डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो औरैया जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव हरनागरपुर समीप शनिवार दोपहर 12 बजे के करीब एक तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े गिट्टी लदे डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भयावह था कि कार डंपर के नीचे आधे से ज्यादा घुस गई। कार में बैठे चालक समेत दो महिलाओं व एक बच्चे की मौत हो गई। निकल रहे वाहन चालकों की सूचना पर एक्सप्रेसवे सिक्योरिटी टीम व एरवाकटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।शवों को आधे घंटे



तक क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकालने का प्रयास जारी रहा। जानकारी के अनुसार, आगरा से लखनऊ की ओर जा रही कार में मृत मिले चालक की जेब से पुलिस ने आधार कार्ड बरामद किया। इसमें पते के तौर पर पीयूष यादव पुत्र शिव कुमार यादव फ्लैट नंबर 903 टॉवर सी-01 एलए रेजीडेंशिया के पास नोयडा सूरजपुर गौतमबुद्ध लिखा मिला। वहीं, चालक के बगल वाली सीट पर बैठी महिला का शव बुरी तरह से कार में फंसा रहा।कार के पीछे बैठी महिला व एक चार वर्षीय बच्चे के शव को भी कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला। एक्सप्रेसवे पर खड़े डंपर के बारे में पुलिस ने जांच पड़ताल की। उसकी नंबर प्लेट पर कीचड़ लगा हुआ मिला। सूचना पर एम्बुलेंस भी पहुंच गई। मौके पर एक्सप्रेसवे सिक्योरिटी इंचार्ज मनोहर सिंह व एरवाकटरा थाना प्रभारी संतप्रकाश पटेल पुलिस कर्मियों के साथ शव को बाहर निकालने व शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटे रहे।

## 'वन नेशन-वन इलेक्शन' पर यूपी के मंत्री ओपी राजभर बोले- वन एजुकेशन क्यों नहीं?

पंचायती राज और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर शनिवार को बरेली पहुंचे। यहां पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन की तरह वन एजुकेशन भी होना चाहिएयूपी सरकार के पंचायती राज और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शनिवार को बरेली निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वन नेशन-वन इलेक्शन तो लागू वन एजुकेशन क्यों नहीं। उन्होंने सियासी निशाना साधा। कहा कि में कह रहे हैं कि आरक्षण खत्म अखिलेश यादव कह रहे हैं कि उन्होंने कहा कि दोनों नेता आपस संविधान और आरक्षण खत्म है।ओमप्रकाश राजभर ने यूनानी भी संचालन न होने के सवाल पर



यूनानी मेडिकल कॉलेज का पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हो रहा है लेकिन वन नेशन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर राहुल गांधी एक तरफ अमेरिका करेंगे, दूसरी तरफ सपा नेता आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे। में तय कर लें कि क्या करेंगे। करना किसकी के बस में नहीं मेडिकल कॉलेज बनने के बाद समीक्षा के दौरान पाया कि बिजली के लिए रुपये न मिलने की वजह से अभी मेडिकल कॉलेज शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे शासन से धनराशि का आवंटन कराएंगे। जल्द ही मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू करेंगे।

## 17 से 22 अक्तूबर के बीच काशी आ सकते हैं पीएम मोदी, रोडमैप बनाने में जुटे अधिकारी

वाराणसी में पीएम मोदी का दौरान 17 से 22 अक्तूबर के बीच हो सकता है। इसके मद्देनजर अधिकारी रोडमैप बनाने में जुट गए हैं। काशी दौरे के दौरान पीएम कालभैरव, बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे।अक्तूबर में 17 से 22 के वीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 15 हजार करोड़ की योजनाओं की स्टेडियम का लोकार्पण भी करेंगे। उनके प्रशासन जुट गया है। पीएम आगमन का राज्य सरकार के आला अधिकारी ने अधिकारियों से बातचीत की। जानकारों पीएम कालभैरव, बाबा विश्वनाथ मंदिर स्टेडियम, नमो घाट, शंकर नेत्र अस्पताल किया जाएगा। दरअसल, श्री कांची को आमंत्रण भेजा गया है। उनका



सौगात देंगे। इस दौरान सिगरा स्थित आगमन के पूर्व की तैयारियों में जिला रोडमैप बनाने के लिए शुक्रवार को केंद्र व वीडियो कॉन्फ्रेंसिग से पुलिस, प्रशासन के के अनुसार लोकार्पण शिलान्यास के साथ में दर्शन पूजन करेंगे। इसके अलावा सिगरा व कई अन्य योजनाओं को सूची में शामिल कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट की ओर से पीएम कार्यक्रम 20 अक्तूबर को है। अभी पीएमओ से कोई सूचना नहीं है। न ही तारीख तय है। अक्तूबर के तीसरे सप्ताह में कार्यक्रम तय माना जा रहा है। इसके पूर्व 26 सितंबर को पीएम वर्चुअली बाबतपुर एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास करेंगे।

## संपादकीय Editorial

# Proclamation of Ganeshotsav

The mood of the festival, the environment and the change in the market attitude, have changed the identity of Himachal. The latest example is Ganeshotsav where neither the government nor any official is participating, but it has become a social expression above all cultural celebrations.

Through Ganeshotsav, the emergence of a miniature India has travelled from the city to the village of Himachal and where Mahila Mandals were seen performing various cultural aspects in its background. It is a different matter that on this pretext, the organized form of the society has developed, but in the cultural journey from Ganesh Chaturthi to immersion, the role of the state and the administration needs more activism, preparation, intervention and responsibility. The state's art and culture department will have to adopt the increasing prevalence of festivals like Ganeshotsav, Chhath Puja and Christmas by increasing the list of community festivals in its cultural calendar. The importance of Chhath Puja is the community settled from Bihar and Eastern Uttar Pradesh, who are coming to Himachal and introducing their culture along with their economic dreams.

Ganeshotsav is a disciplined platform of community gaiety, where cultural rules have reached here from Maharashtra and are supporting a broad message, change and social role.

This festival is the longest and is giving pure cultural light to the society, so it should be evaluated in many ways. For example, Ganeshotsav is creating a market with the importance of art. The industry of thousands of idols exports money from the economy here in just a few days, because the sculptors are coming from outside. We have opened art subjects in some colleges and schools to learn painting in museums, but we could not prepare local sculptors for the economy of Ganeshotsav. Festivals like Christmas have given a new style to the beauty of bakery and gift market of Himachal. Obviously, the nature of the market changes with the cultural and religious aspect of every festival. Anyway, the ten days of Ganeshotsav are also the story of the changing scenario of Himachal, where life now needs this kind of entertainment and if we look at every aspect of immersion, then so many fairs are preparing to take a dip in ravines, drains and rivers. Does the administration know how many Ganeshotsav troupes have grown and towards which ravine they will go for immersion? A youth narrowly escaped while immersing the idol in Chamunda, but the drowning of two youths of Naidun raises a question mark on the immersion system. In such a situation, we should fix a place for the safety of immersion and make such arrangements that will strengthen 'ghat tourism'. With events like Beas Aarti, the possibility of ghat tourism in Mandi was seen like Banaras and Haridwar, but the previous government kept digging the mountain for Shivdham. Similarly, most of the Ganesh immersions in Kangra are happening in the ravine flowing along the bypass. If the government is dreaming of making Kangra district a tourism capital, then apart from building a ghat and lake towards the ravine along the Kangra bypass, it can also encourage Himachali market and food.

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# Country should come out of the vicious circle of repeated elections, One Nation-One Election will strengthen democracy

Frequent elections are a flaw in our democracy. It should be removed. Simultaneous elections will ensure continuity in the policies and programs of the Center and the State. Voting will increase because it will be more convenient for people to go out to vote once. The country will get relief from huge election expenses and governance will also improve. Dr. Jagdeep Singh. The Union Cabinet approved the proposal of One Country-One Election yesterday. It is expected that the bill related to this will be introduced in the winter session of Parliament i.e. November-December. Union Minister Ashwini Vaishnav said that in the first phase, Lok Sabha and state assembly elections will be held together. After this, within 100 days, municipal elections will be held together in the second phase. One country one election means holding Lok Sabha and assembly elections together. In its last term, the Modi government had formed a high-level committee under the leadership of former President Ram Nath Kovind to consider this. It submitted its 18,626 page report to President Draupadi Murmu earlier this year. Of the 21,558 public responses received by this committee, more than 80 percent supported the idea of ????simultaneous elections. 4,216 responses opposed it. The Kovind Committee has suggested that for simultaneous elections, the term of all state assemblies will have to be extended till the next Lok Sabha elections i.e. 2029. If no party gets majority in the election and a no-confidence motion is passed against any government, fresh elections will have to be held for the remaining term. The Election Commission will have to prepare a single voter list and voter identity card in consultation with the state election officers for the Lok Sabha, Legislative Assemblies and Municipal elections. The Kovind Committee has recommended amendment in the Constitution for the desired changes. The Election Commission had suggested about one country one election for the first time in 1983, about 40 years ago. All the assembly elections were held along with the first Lok Sabha elections in 1951-52. This trend continued till 1967, but due to the shortening of the term of the Lok Sabha, the dismissal of governments in many states in 1968 and 1969 or the imposition of President's rule and the formation of new states, the timing of elections in various states kept changing. The fourth Lok Sabha was also dissolved before time, due to which general elections were held again in 1971. As a result, the cycle of simultaneous elections was disrupted. Due to this, assembly elections are held in some state or the other in the country every year. Apart from the central government, the entire machinery of the Election Commission remains in election mode every year, due to which even the administrative officers in the states where elections are held are not able to do the full work of the public. Currently, assembly elections are held in about five to seven states every year. In 2015, the Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice had said that frequent elections in the country cause disruption in normal public life and affect the functioning of essential services. The code of conduct is implemented due to elections, due to which new public welfare schemes come to a halt. The government and political parties have to spend a lot of money. Apart from this, security forces have to be deployed for a long time. Critics of the idea of ??simultaneous elections say that this move of the Modi government is politically motivated. Regional parties fear that they will not be able to raise their local issues strongly, because national issues will come to the center. Apart from this, they will not be able to compete with national parties in terms of election expenditure and election strategy. This can affect the behavior of voters in such a way that they start voting on national issues even for state elections. This will benefit the big national parties in both Lok Sabha and Assembly elections. There is a possibility of regional parties, which often represent local interests, being marginalized. They believe that facing voters more than once every five years increases the accountability of leaders and keeps them alert. A survey conducted by the IDFC Institute in 2015 said that if simultaneous elections are held, there is a 77 percent chance that voters will choose the same party or alliance in the state assembly and Lok Sabha. If elections are held at an interval of six months, 61 percent of voters will choose one party. It is clear that the apprehensions of critics seem to be baseless. The voters of the country are very mature. They have proved this time and again. It has been seen many times that when elections of any assembly are held along with the Lok Sabha, the voters have chosen different parties. It has also been seen that voters give a huge majority to one party at the center, but hand over power to another party in the state elections held a few months later. Wherever there is a democratic system of governance in the world, in most of those countries, general elections and provincial elections are held simultaneously, such as America, Britain, Brazil, Columbia, Philippines, South Africa and Sweden etc. Now the time has come to legalize the idea of ??simultaneous elections in India too. Frequent elections are a flaw in our democracy. It should be removed. Simultaneous elections will ensure continuity in the policies and programs of the Center and the State. Voting will increase, because it will be more convenient for the people to go out to vote once. The country will get relief from huge election expenses and will also get a new lease of life in the government. There will be improvement in the system as well. This will not only speed up the development work but will also save money.





# Dangerous politics over arson of Dalit houses in Nawada

The manner in which caste animosity is being incited over the Nawada incident is evident from the statement of Congress leader Rahul Gandhi that this incident is exposing the horrifying picture of injustice against the Bahujans. Has Rahul Gandhi excluded the Paswan community from the list of Bahujans and if yes, then why and how? The incident of arson of Dalit houses in Bihar's Nawada district is as unfortunate and worrying as it is shameful. The country is being misled by creating an atmosphere that the goons burnt the houses of Dalits, because the fact is that this incident is the result of a dispute between two classes of Dalits. In this, the people of the aggrieved side belong to the Musahar caste, who are called Mahadalits in Bihar and the arsonists belong to the Paswan caste. At the root of this incident is a dispute between two parties over land, which has been going on for a long time and is also pending before the court. If anything is clear from the kind of statements made by the leaders of the opposition parties as soon as this incident came to light, then it is that very cheap and dangerous politics of inciting caste animosity is being done. How the work of inciting caste animosity regarding the Nawada incident is being done, it is known from the statement of Congress leader Rahul Gandhi that this incident is exposing the scary picture of injustice against the Bahujans. Has Rahul Gandhi excluded the Paswan community from the list of Bahujans and if he has done so, then why and how? The same question is also for Congress President Mallikarjun Kharge, who issued a statement agreeing with Rahul Gandhi. Undoubtedly this must have been his compulsion, but he himself is from the Scheduled Caste and he must have knowledge of the reality. Rahul Gandhi also said on the Nawada incident that such anarchist elements find shelter under the leadership of BJP and its allies, who intimidate and suppress the Bahujans of India, so that they are not able to demand their social and constitutional rights. He did not limit himself to this. He also said that the Prime Minister's silence is a stamp of approval on this big conspiracy. According to him, a conspiracy has been hatched against the Bahujans, in which the Prime Minister is also involved. Strict action is necessary against the culprits of the Nawada incident, but no one can be allowed to pour kerosene on social relations under the pretext of condemning it. Unfortunately, Rahul Gandhi has been doing this for a long time. He is attacking the social unity of the country under the guise of sometimes advocating caste census and sometimes reservation. Those who have stood up against the sub-classification of SC-ST reservation, it would be better if they also understand from the Nawada incident that there is no such unity among the castes of SC-ST society, as they are telling to shine their politics.



# नया मुरादाबाद में पहुंचा तेंदुआ, शावक भी देखे गए...लोगों में दहशत

मुरादाबाद- नया मुरादाबाद में लगातार कहीं न कहीं तेंदुआ देखा जा रहा है। साथ ही अशोक बाजार के पीछे दो शावकों को भी देखा गया है। तेंदुआ एवं शावको को देखे जाने की खबर से क्षेत्र में दहशत है। लोगों ने घरों के बाहर टहलना बंद कर दिया है। नया मुरादाबाद में भी अब तेंदुए ने दस्तक दे दी है। तेंदुए लगातार कहीं न कहीं देखे जा रहे हैं। एक वीडियो किसी ने तेंदुए का बनाया है। वह एक दीवार पर बैठा हुआ है। जिसको भगाने की कोशिश की जा रही है। कुछ देर बाद में वह डर कर भाग भी जाता है। लोगों द्वारा वीडियो वायरल करते हुए बताया जा रहा है कि यह नया मुरादाबाद सेक्टर 6 की वीडियो है। जबकि अभी तक किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है। इसी के साथ पाकबड़ा निवासी मोहित ने बताया कि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के ऑफिस के सामने अशोका बाजार के पीछे दो शावको को शाम के वक्त देखा गया था। मोहित ने बताया कि वह मुरादाबाद से आते हुए उधर से गुजर रहे थे। तभी देखा कि दो शावक रोड पार कर रहे थे। इस दौरान वह बाइक लेकर वहां से तेजी से निकल आए। नया मुरादाबाद के निवासी एक अन्य युवक ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले वह सुबह को टहलने गया था। तब उसने दो शावक वहां पर दिखे थे। गौरतलब है कि क्षेत्र में तेंदुए ने कई गोवंशों को अपना निवाला भी बना लिया है। गुरेठा एवं गिंदोड़ा में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गया है लेकिन अभी तक तेंदुआ नहीं पकड़ा गया है।



# थार से कुचले गए अमन को इंसाफ दिलाने के लिए एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन, कई संगठन आए आगे

थार से बाइक सवार अमन कुमार को कुचलने वालों को जल्द गिरफ्तार करने को लेकर कई संगठनों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। सिविल लाइंस के चंद्रनगर आजाद नगर निवासी लोको पायलट योगेंद्र कुमार का बेटा अमन कुमार रविवार की गांधीनगर से केक खरीदने के बाद घर लौट रहा था। थार से बाइक सवार अमन कुमार को कुचलने वालों को जल्द गिरफ्तार करने को लेकर कई संगठनों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। सिविल लाइंस के चंद्रनगर आजाद नगर निवासी लोको पायलट योगेंद्र कुमार का बेटा अमन कुमार रविवार की गांधीनगर से केक खरीदने के बाद घर लौट रहा था। कंटेनर डिपो के सामने डिवाइडर के कट पर थार चालक अनमोल अरोड़ा ने अमन की बाइक को रौंद दिया था, जिसमें अमन की मौत हो गई थी। अनमोल को मौके पर ही दबोच लिया गया था, जबकि कार में सवार उसके साथी कटघर के लाजपत नगर निवासी सुकेत खन्ना और सिविल लाइंस के रेलवे हरथला कॉलोनी निवासी दिव्यम चौधरी थार से कूदकर भाग गए थे।पांच दिन बीतने के बाद भी पुलिस अब तक अनमोल के साथी सुकेत और दिव्यम को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस की इस ढीली कार्रवाई पर अब सवाल उठने लगे हैं। कार्रवाई नहीं होने से नाराज लोगों ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।



# शराब पीने से पांच की मौत मामला: पछता रहा सुंदरलाल का परिवार, बेटा बोला- काश पिता को जाने से रोक लिया होता

मुरादाबाद के मझोला के मीरपुर निवासी सुंदरलाल प्लंबर थे। उनके परिवार में दो बेटे राजेश, बंटी और एक बेटी शशि है। परिवार के लोगों को आज पछतावा हो रहा है कि शनिवार को पिता को आदर्श कॉलोनी जाने से रोक लिए होता तो शायद आज वह जिंदा होते। बेटे राजेश के मुताबिक शनिवार की शाम पिता टंकी लगाने के बाद घर लौटे थे। कुछ देर घर में रुके। इसके बाद वह जल्दी लौटने की बात कहकर घर से निकल गए थे।इसके बाद परिवार के लोग उनका इंतजार कर रहे थे। रात में घर आए तो शराब के नशे में थे। सोमवार की रात अचानक वह उल्टियां करने लगे। उन्हें लेकर निजी अस्पताल गए, जहां भर्ती करा दिया। मंगलवार को उनकी रही हैं।पत्नी को चाऊमीन के ठेले पर छोड़ शराब गंवाने वाले चंद्रपाल का परिवार प्रीत विहार में अनिकेत और तीन बेटियां पूजा, निशी और पिंकी के सामने सब्जी की दुकान है। इसी दुकान के लगाता है। शनिवार की शाम चंद्रपाल अपनी पत्नी शराब पीने गया था। चंद्रपाल के साथ महेश, की मौत के बाद से पत्नी, बेटी और बेटों का रो छोड़कर चली गई थी पत्नी- मीरपुर निवासी विक्की किशन लाल और मां कस्तूरी हैं। परिवार के लोगों की शादी हुई थ। लेकिन कुछ दिन बाद ही पत्नी पीता था। वह अक्सर आदर्श कॉलोनी में जाता हैं।मझोला के कांशीराम नगर कॉलोनी से सटे



मौत हो गई। पिता की मौत के बाद से बेटे और बेटी रो पीने चला गया था चंद्रपाल- शराब पीने के बाद जान रहता है। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे राजीव, हैं। चंद्रपाल के छोटे भाई सत्यभान की मीरपुर कब्रिस्तान पास चंद्रपाल अपनी पत्नी के साथ चाऊमीन का ठेला को चाऊमीन के ठेले पर छोड़कर आदर्श कॉलोनी में विक्की, सुंदर लाल और दीपू उर्फ संदीप भी गए थे। चंद्रपाल रोकर बुराहाल है।शादी के कुछ दिन बाद ही विक्की को के परिवार में दो भाई रवि और छोटू के अलावा पिता ने बताया कि विक्की संविदा पर सफाई कर्मी था। विक्की उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से विक्की रोज शराब था। विक्की की मौत से मां कस्तूरी और भाई सुबक रहे भोगपुर मिठौनी निवासी संतोष देवी बेटे संदीप उर्फ दीपू की मौत से टूट गई हैं। बेटे को याद कर संतोष फूट फूट कर रोने लगीं। बोलीं, जब पति की मौत हुई थी तब संदीप, कुलदीप और दोनों बेटियां संगीता और बबीता बहुत छोटी थीं। मैंने मेहनत मजदूरी की और बेटे-बेटियों को पाला। अब बेटा मेहनत मजदूरी कर का खर्च चलाने में मदद करने लगा था। वह बेटे की तस्वीर हाथ में लगाकर उसे बार-बार याद करती रहीं।पांचों की मौत में एक समानता सामने आई है कि सभी के मुंह से झाग आए और खूब उल्टियां हुईं। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भी इन्हें आराम नहीं मिला। इसके बाद एक के बाद एक पांचों की मौतें हो गई। आदर्श कॉलोनी में शनिवार की रात पांचों ने एक साथ शराब पी और वहीं ठेले पर चिकन खाया था। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घर चले गए थे। देर रात चंद्रपाल के मुंह से झाग निकलने लगा।इसके बाद उल्टियां शुरू हो गईं। परिवार के लोग उन्हें साईं अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उन्हें रेफर कर दिया और भर्ती करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद परिजन दूसरे अस्पताल ले गए। लेकिन चंद्रपाल की हालत देखने के बाद वहां भी भर्ती नहीं कराया गया।दिल्ली रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उन्हें आराम नहीं मिला और रविवार को उनकी मौत हो गई। इसी तरह महेश, सुंदरपाल, विक्की और दीपू उर्फ संदीप के मुंह से भी झाग आए। इसके बाद उन्हें उल्टियां हुईं। एक के बाद एक सभी ने दम तोड़ दिया।शराब पीने से पांच लोगों की मौत के मामले को आबकारी विभाग ने खारिज कर दिया। अधिकारियों का दावा है कि इन पांचों की मौतें शराब पीने से नहीं हुई हैं। सभी ने एक साथ कई दिन पुराना चिकन खाया था। फूड प्वाइजनिंग में सभी ने जान गंवाई है। यहां सवाल यह उठता है तक जब शवों का पोस्टमार्टम नहीं हुआ तो फूड प्वाइजनिंग की पुष्टि कैसे हो गईदीपू उर्फ संदीप ने अपने ममेरे भाई विक्की के साथ आदर्श कॉलोनी में शराब पी थी। इनके साथ चंद्रपाल, सुंदरपाल और महेश भी मौजूद थे। पुलिस और आबकारी विभाग की जांच पड़ताल में शराब पीने और चिकन खाने की बातें सामने आई हैं लेकिन आबकारी विभाग का मानना है कि शराब पीने से मौत नहीं हुई है। जिला आबकारी अधिकारी महेंद्रपाल ने बताया कि जांच में पता चला कि पांचों ने पुराना चिकन खाया था। जिससे उनकी मौतें हुई हैं।


# भाई-मां के सामने बर्बरता!: बाल पकड़कर गिराया, फिर सिर में मारी गोली; पुलिस को घुमा रहे ये सवाल, करीबियों पर शक

मुरादाबाद-रात करीब साढ़े दस बजे गोली मारकर किशोरी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। आरोपियों से पूछताछ में ऐसा कोई सुबूत पुलिस को नहीं मिला जिससे यह तय हो पाता कि इन्होंने हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने अलग अलग बिंदुओं पर छानबीन की। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव भमोरी पट्टी निवासी किशोरी की हत्या में नजदीकियों के ही शामिल होने के प्रमाण पुलिस को मिले हैं। इस हत्याकांड में नामजद आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को सुबूत नहीं मिले हैं। पुलिस इस वारदात की कड़ी से कड़ी को जोड़ते हुए कातिलों के नजदीक पहुंच गई है और शनिवार को सनसनीखेज खुलासा कर सकती है।बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे गोली मारकर किशोरी की हत्या कर दी गई थी। किशोरी के भाई नीरज ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी बहन और मां राजवती के साथ गाजियाबाद से गांव लौट रहा था। सौंधन बस अड्डे से वह बाइक से अपनी मां और बहन को लेकर लेकर आ रहा था।रास्ते में गांव भमोरी पट्टी में पहुंचने से पहले कार सवार दो लोगों ने किशोरी के बाल पकड़कर उसको गिरा दिया और सिर में गोली मार दी। आरोपियों को पहचानने का दावा करते हुए कहा कि हत्या करने में रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सैतुआ निवासी पप्पू और गांव भमोरी पट्टी निवासी रिंकू शामिल हैं। यह दोनों रिश्ते में मामा-भांजे हैं। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। आरोपियों से पूछताछ में ऐसा कोई सुबूत पुलिस को नहीं मिला जिससे यह तय हो पाता कि इन्होंने हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने अलग अलग बिंदुओं पर छानबीन की। पुलिस का मानना है कि किशोरी की हत्या में उसके किसी नजदीकी का ही हाथ है। बाइक गिरी, लेकिन किसी को चोट नहीं लगने से पुलिस को हुआ शक- नीरज ने पुलिस को बताया था कि जब वह मां और बहन को बाइक से गांव लेकर लौट रहा था तो तेज बारिश हो रही थी। बारिश से बचने के लिए गांव सौंधन में एक मेडिकल स्टोर के नजदीक ठहर गए थे। काफी देर बाद जब बारिश थमी तो आगे बढ़े। गांव के नजदीक कीचड़ था। इसलिए बाइक धीमी कर ली और इसी दौरान कार सवार दो लोग आए और उन्होंने किशोरी के बाल खींचे तो बाइक गिर गई। इसके बाद सिर पर गोली मारकर भाग गए। बाइक गिरने के दौरान चोट किसी को नहीं लगी। यह सवाल भी पुलिस के दिमाग में घूम रहा है। वारदात वाले दिन पप्पू के पिता का हो गया था निधन- पुलिस को आरोपियों के नाम पता चले तो पकड़ने के लिए टीम दौड़ गई। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सैतुआ पहुंचे तो वहां पप्पू के पिता जुगली की घटना से करीब डेढ़ घंटे पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। पप्पू और रिंकू वहां मौजूद मिले। पुलिस ने इसी दौरान दोनों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद सर्विलांस और अन्य माध्यम से छानबीन की। इसमें भी सुबूत नहीं मिला। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपी रिश्ते में मामा भांजा हैं। पुलिस टीम को दोनों नामजद आरोपी गांव सैतुआ में मिले। अपहरण करने के मामले जेल गए थे मामा-भांजे- किशोरी के पिता प्रीतम सिंह ने 23 फरवरी 2024 को गाजियाबाद के थाना लिंक रोड में किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें रिंकू पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। पप्पू सहयोगी बताया गया था। इस मामले में रिंकू को 3 मार्च 2024 को गाजियाबाद के लिंक रोड थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। रिंकू घटना के समय नाबालिग था। उसको जमानत 30 अगस्त को मिली है। इसके बाद से वह गांव में ही रह रहा था। जबकि किशोरी अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में रह रही थी। बुधवार की रात को ही गांव लौट रही थी। सीसीटीवी फुटेज से मिले कई अहम सबूत- किशोरी के भाई नीरज के अनुसार घटना रात करीब 10.30 बजे के आसपास की है। गांव सौंधन में एक मेडिकल स्टोर और मिठाई की दुकान के नजदीक बारिश के दौरान रूकने की बात पुलिस को बताई गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और दुकानदारों से जानकारी की तो कई अहम सुबूत मिले। एसपी ने बताया कि तीन टीमों को इस खुलासे के लिए लगाया गया है। जो सबूत अभी तक मिले हैं वह किशोरी के अपनों के खिलाफ हैं। कड़ी से कड़ी मिलाई जा रही है। उसके बाद खुलासा करेंगे।किशोरी की हत्या के आरोप में जो लोग नामजद हैं उनके खिलाफ कोई सुबूत नहीं मिला है। घटना के खुलासे के लिए गठित टीमों को कई अहम सबूत मिले हैं। इससे साफ हो गया है कि किशोरी की हत्या में उसके किसी नजदीकी का हाथ है। इस हत्याकांड का जल्द खुलासा किया जाएगा। - कृष्ण कुमार,एसपी, संभल

## संक्षिप्त समाचार

### जनशताब्दी पलटाने के मामले में जीआरपी ने तेज की जांच, कई हिरासत में

मुरादाबाद- बिलासपुर के पास बुधवार को जनशताब्दी एक्सप्रेस को पलटाने की कोशिश लोको पायलट की सूझबूझ से टल गई थी। रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 200 मीटर पहले रेलवे ट्रैक पर लोहे का खंभा देखते ही लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए थे। इस मामले में राजकीय रेल पुलिस रामपुर ने जांच तेज कर दी है। वहीं जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बुधवार देर रात में ट्रेन रुद्रपुर पहुंचने वाली थी। तभी अचानक लोको पायलट को पटरी पर खंभा दिखाई दिया था। जिसके बाद पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। लोको पायलट ट्रेन से उतरकर पहुंचे तो पटरी पर लोहे का खंभा रखा था। उसे हटाकर ट्रेन लेकर रुद्रपुर स्टेशन पहुंचे और अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। मामले में रामपुर जीआरपी ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं शुक्रवार को जीआरपी ने घटना स्थल के आसपास मुआयना किया। इसके साथ ही जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की। एसपी रेल आशुतोष शुक्ला ने बताया कि रात में जीआरपी को गश्त करने के आदेश दिए गए हैं।



### अमन के हत्यारोपियों को गिरफ्तार करे पुलिस, रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट और कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

मुरादाबाद- बीते दिनों सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में थार सवार दबंगों ने बाइक सवार शेयर कारोबारी अमन कुमार को टक्कर मार दी थी। हादसे में अमन की मौत हो गई थी। शनिवार को



अमन के हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के लिए रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट और रेलवे कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के फव्वारा चौक पर एक तेज रफ्तार थार कार सवार युवकों ने लोको पायलट योगेंद्र कुमार के पुत्र अमन को टक्कर मार दी थी। जिसमें उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने इस घटना के एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। जिसके चलते शनिवार को रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट और रेलवे कर्मचारियों ने पुलिस पर अन्य फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार न करने और लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अमन की मौत के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो ट्रेन का चक्का जाम कर दिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में मनोज शर्मा, सोहेल खालिद, योगेश कुमार, कपिल कुमार, आकाश चौहान, विजय पाल, नवनीत कुमार, अरविंद कुमार, सुभाष कुमार, पियूष राजपूत, संजय यादव, अमित कुमार और सुरेश प्रजापति समिति अन्य लोग मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सरस्वती शिशु मन्दिर नैनीताल मार्ग में मनाया गया सांस्कृतिक महोत्सव

## जनपद के सभी सरस्वती स्कूलों के छात्र , छात्राओं भागीदारी की

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। सरस्वती शिशु मन्दिर नैनीताल मार्ग बरेली में विद्या भारती ब्रज प्रदेश के तत्वावधान में संस्कृति महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। इसी के अंतर्गत बरेली जिले के समस्त शिशु मंदिरों की



गीत, कला, अंत्याक्षरी, प्रश्न मंच आदि प्रतियोगिताएँ सरस्वती शिशु मन्दिर नैनीताल मार्ग बरेली में आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में सुनील कुमार सिंह, दिनेश मलिक व्यवस्थापक, डॉक्टर राजीव सक्सेना व्यवस्थापक, तुलसीराम शर्मा, रामचरण यदुवंशी, ओम प्रकाश दीक्षित, ईश्वर सिंह,सतीश त्रिपाठी,प्रथा रमन गंगवार, प्रवक्ता विष्णु इंटर कॉलेज बरेली, रमेश गौतम गीतकार, वरिष्ठ पत्रकार, आनंद जी भाई साहब अर्चना गहलोत, रामपाल यादव, ओमवीर सिंह गंगवार, दयाशंकर शर्मा, संकुल प्रमुख, आंवला बरेली, जिले के समस्त शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य व आचार्य बंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम किशोर श्रीवास्तव जी ने किया।

# मानक विहीन विनायक हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत, अस्पताल स्टाफ ताला लगाकर हुआ फरार

क्यूँ न लिखूँ सच-राजेंद्र विश्वकर्मा

उरई ( जालौन )।कस्बा जालौन में स्थित विनायक हॉस्पिटल में 26 वर्षीय नवविवाहिता पूजा और उनके नवजात बच्चे की दर्दनाक मौत से पूरे क्षेत्र में गहरा आक्रोश दिखाई दे रहा है। मृतका पूजा ग्राम अलाईपुरा थाना कोतवाली जालौन की निवासी है। गत 19 सितंबर को प्रसव के लिए इस अस्पताल में भर्ती हुई थीं। शुरुआती जांच में डॉक्टरों ने बताया था कि स्थिति सामान्य है और नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी, लेकिन 20 सितंबर को सुबह 10 बजे पूजा की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और स्टाफ की लापरवाही सामने आई है, जिसने न सिर्फ मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया बल्कि खुद को बचाने के लिए अस्पताल को ताला लगाकर फरार हो गए। सबसे गंभीर आरोप यह है कि विनायक हॉस्पिटल में बिना डिग्री धारक डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे है। इस बात ने पूरे मामले को और भी संदिग्ध बना दिया है। अस्पताल में चिकित्सा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था, और इस स्थिति में वहां पर न केवल पूजा बल्कि कई अन्य मरीजो की भी मौत हो चुकी है।

# अधिवक्ता चुनाव को लेकर तहसील में बकीलो के बीच सरगर्मियां तेज

क्यूँ न लिखूँ सच-नीरज कुमार

कालपी/जालौन कालपी आगामी 27 सितंबर को होने वाले जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव को लेकर शनिवार को तहसील कालपी में अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मियां तेज रहीं। अध्यक्ष



, महामंत्री समेत विभिन्न पदों के उम्मीदवार अपने - अपने समर्थकों के साथ वोट एवं सहयोग मांगते नजर आए। मालूम हो कि तहसील कालपी में एक सैकड़ा से अधिक अधिवक्ता जिला बार एसोसिएशन के निर्वाचन सूची में दर्ज है। चूंकि एक सैकड़ा अधिवक्ता मतदाताओं का सहयोग बहुत जरूरी होता है। जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तथा महामंत्री पद के उम्मीदवार अपने-अपने समर्थकों के साथ शनिवार को हुजूम के साथ कालपी में पहुंचे। उम्मीदवारों के साथ संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पदाधिकारी तथा समर्थक शामिल रहे। सभी प्रत्याशियों ने कालपी तहसील परिसर में चेंबर - चैंबर जा करके अधिवक्ताओं से संपर्क किया। तथा चुनाव में सहयोग करने की अपील की। शनिवार को यह सिलसिला दोपहर 12 बजे शुरू हुआ तथा शाम तक चला रहा। तहसील कालपी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं अपूर्व शरद श्रीवास्तव, रविंद्र श्रीवास्तव,जयकिशोर कुलश्रेष्ठ एवं कई अधिवक्ताओं के चेंबरों में प्रत्याशियों एवं वकीलों का स्वागत किया गया। कई उम्मीदवारों ने घर-घर जाकर भी अधिवक्ताओं से संपर्क करते नजर आए। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है अधिवक्ताओं के बीच चुनाव सरगर्मियां तेज हो रही है।

# पति,पत्नी को दबंगो ने रात में घर से खींच कर मारा, पुलिस नहीं कर रही कोई कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/कायमगंज। उपजिला अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए मातहतो को दिशा निर्देश दिए गए। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक शिक्षक द्वारा बीएलओ ड्यूटी के दौरान किए गए कार्य का मानदेय न मिलने की शिकायत करने पहुंचे ग्राम बिल्सडी के सहायक अध्यापक दीपक कुमार से एसडीम रविंद्र कुमार ने कहा कि आप शिकायत करने आए हैं । क्या आपने छुट्टी स्वीकृत की है। क्या आप स्कूल में प्रार्थना पत्र लगाकर आए हैं। जिसका संतोषजनक उत्तर न देने पर एसडीएम ने शिक्षक पर निलंबन की कार्यवाही के निर्देश दिए। नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा बैंक ऑफ़ इंडिया वाली गली निवासी हिना गुप्ता पत्नी सुधांशु गुप्ता ने कहा कि वह अपने पति के साथ मार्केट से आ रही थी। तभी सागर गुप्ता पुत्र नरेंद्र गुप्ता ने शराब के नशे में उसकी बाइक में टक्कर मार दी। और गाली गलौज करते हुए धमकी देकर चला गया रात 11ः00 बजे जब हम लोग घर पर थे तभी गोपी , विशाल, मुक्कू 7- 8 अज्ञात आदमियों के साथ मेरे दरवाजे खुलवाकर घर के अंदर घुस आए और मेरे पति को घर से खींच कर मारते हुए सड़क पर ले गए। जब मैं उन्हें बचाने पहुंची तो मेरे साथ भी हाथापाई की और गंदी-गंदी गालियां दी। सारी घटना सीसीटीवी में कैद है। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अमृतपुर क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य ने 28 अगस्त को 16 वर्षीय अमन पुत्र मदनपाल निवासी शेखपुरा होशंगा की अटेना गंगा घाट पर स्थित एक गड्ढे में चले जाने से मौत हो गई थी। उसकी मां विमला देवी को ई कुबेर के माध्यम से चार लाख रुपए की सहायता उपलब्ध कराई। वहीं क्षेत्रीय विधायिका सुरभि द्वारा कुछ ग्रामीणों को घरौली दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर तहसीलदार विक्रम सिंह,नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# आला हजरत कॉरिडोर बनाने को सपा पार्षदों ने सौंपा प्रस्ताव

## नवागत नगर आयुक्त से सपा व निर्दलीय पार्षदों ने की मुलाकात

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। नाथ नगरी कॉरिडोर की तर्ज पर अब सपा पार्षदों ने आला हजरत कॉरिडोर बनाने की मांग कर डाली है, इस संबंध में सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना के नेतृत्व में सपा पार्षदों और निर्दलीय पार्षदों ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मुलाकात की। आगामी 24 सितंबर को नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक का आयोजन किया जाना है, उससे पहले नगर निगम अधिनियम की धारा 91( 2 ) के तहत आला हजरत कॉरिडोर बनाने के लिए प्रस्ताव सौंपा गया। नाथ कॉरिडोर का कार्य की रफ्तार सुस्त सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि वर्तमान मे



बरेली में प्राचीन नाथ मंदिरों के लिए नाथ नगरी कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य बेहद धीमी गति के साथ किया जा रहा है। नाथ कॉरिडोर का निर्माण कई विभाग मिलकर कर रहे हैं। मांग की गई कि नगर निगम अपने हिस्से का कार्य जल्द से जल्द पूरा करे। नगर आयुक्त का किया गया स्वागत नवागत नगर आयुक्त से सभी पार्षदों ने पहली बार मुलाकात की लिहाजा इस मौके पर उनका फूलों का बुके भेंट कर स्वागत किया गया। नगर आयुक्त से मिलने वालों में व प्रस्ताव का अनुमोदन करने वाले पार्षदों में अब्दुल कय्यूम खां मुन्ना, आरिफ कुरैशी, शमीम अहमद, अलीम खां सुल्तानी, इकबाल बिल्डर, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद इरफान सलीम, गुलबशर अंसारी, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद सलमान, मैहशर आदि मौजूद रहे।

# सपा आजम खान की हितैषी थी तो उन्हें फंसाया क्यों

## ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश पर साधा निशाना

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। उत्तर प्रदेश के पंचायती राज और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने आजम खान को लेकर समाजवादी पार्टी ( सपा ) पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आजम खान जिस केस में फंसे हैं, जो सपा के शासन का मामला है। अगर सपा उनकी हितैषी थी तो उन्हें फंसाया क्यों। सरकार उनकी थी, सारे अधिकारी उनके थे। अगर कानून के दायरे में रहकर काम किया होता तो आज यह नौबत नहीं आती। ओम प्रकाश राजभर आज शनिवार को बरेली पहुंचे। उन्होंने युनानी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। पत्रकार वार्ता में राजभर ने कहा कि राहुल गांधी



एक तरफ अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण खत्म करेंगे। दूसरी तरफ सपा नेता अखिलेश यादव कह रहे हैं कि आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे। दोनों नेता तय कर लें कि क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि आरक्षण खत्म करना खिलवाड़ है क्या? संविधान खत्म करना किसकी के बस में नहीं है। एनडीए सरकार में ही होगी जातिगण जनगणना% जातिगत जनगणना के सवाल पर राजभर बोले कि लोग जातिवाद करना चाहते हैं। हम लोग जातियों को गोलबंद कर उनको उनका हिस्सा दिलाना चाहते हैं। सपा, बसपा, कांग्रेस के लोग जब सत्ता में रहते हैं, तब इनका जातीय जनगणना याद नहीं आती। तब इनको अपनी जाति याद आती है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार में ही होगी। मंगेश यादव के एनकाउंटर पर उठे रहे सवालों पर कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती।

# कालपी में फरियादियों ने एडीएम के समक्ष प्रस्तुत हुई 31 शिकायत दर्ज की

क्यूँ न लिखूँ सच-नीरज कुमार

कालपी/जालौन कालपी शनिवार को अपर जिलाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 31 शिकायते प्रस्तुत की गई। मौके पर 5 मामले निपटाए गए। जिससे राजस्व विभाग के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार व उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने उल्लेखनीय




तरीके से हिस्सा लेकर समस्याओं को सुना। स्थानीय तहसील के सभान समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा तथा उपजिलाधिकारी सुशील कुमार के समक्ष फरियादियों के द्वारा बारी बारी से अपनी अपनी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये। जसवंत सिंह निवासी ग्राम सोहरापुर ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि चक रोड कीनाप होने के बाद भी मार्ग का निर्माण नहीं किया जा रहा है। हरि कृष्ण पाठक ने परासन में बेतवा नदी की जमीन में अवैध कब्जा की शिकायत की। शमशाद पुत्र कल्लू निवासी मोहल्ला तरी बुल्दा कालपी ने बताया कि आवासीय कॉलोनी का सर्वे हो जाने के बावजूद भी अभी तक धन आवंटित नहीं किया गया। राम आसरे निवासी मोहल्ला हैदरीपुरा ने शिकायती पत्र देते हुए कहा की प्रार्थी के प्लाट में पड़ोसी लोग जबरन कब्जा करके निर्माण करा रहे हैं। मुन्ना सिंह आदि ग्रामीणों ने अटरा कला ग्राम को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग को कुछ व्यक्तियों के द्वारा तोड़े जाने की शिकायत की है। समापन के मौके पर अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील होकर सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराया जाए। समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक डॉ देवेंद्र कुमार,तहसीलदार अभिनव तिवारी,कदौरा तथा महेवा के खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला नीलमणि सिंह , ,पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार राजपूत, विद्युत उपखंड अधिकारी आदर्श राज, जल संस्थान के वरिष्ठ लिपिक सुजाउत हुसैन,श्रम प्रवर्तन अधिकारी शैलजा आंनद, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत,कालपी कोतवाली के सब इंस्पेक्टर बृजनंदन सिंह, आटा ,कदौरा ,चुरखी थानेदार , सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# भा. कि. यु. ( टिकैत )की मासिक पंचयत युवा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता मे हुई सम्पन

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती जिला कलेक्ट्रेट परिसर मे भारतीय किसान यूनियन



की मासिक पंचायत पांच बिंदु को लेकर की गयी राजस्व बिभाग भिनगा की लापरवाही को ले कर जिलाधिकारी को अवगत कराने के लिए भंगही भू माफिया पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाही की मांग की है इसी प्रकार और चार विन्दु को अवगत कराया समाधान कराने की मांग की पंचायत की अध्यक्षता प्रमोद कुमार वर्मा ने की संगठन के पदाधिकारी व सदस्य सैकड़ो की संख्या मे मौजूद रहेअतिरिक्त मजिस्ट्रेट को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर पंचायत का समापन किया

# बगदरा संकुल के अतिथि शिक्षको ने माननीय राज्यमंत्री पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह को सौंपा पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रीमती राधा सिंह के बगदरा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान बगदरा संकुल के अतिथि शिक्षको



ने पत्र देकर पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा महापंचायत में किए गए वादे को पूरा करने के साथ विभागीय परीक्षा कराकर अथिति शिक्षकों को नियमित करे । साथ ही अभी हाल में माननीय शिक्षामंत्री जी के द्वारा दिए गए बयान ( मेहमान हो तो घर मे कब्जा करोगे क्या ) को वापस ले और अतिथि शिक्षको के मान सम्मान का सरकार ध्यान रखे एवम उनके साथ न्याय करे। पत्र सौंपने के दौरान मुख्यरुप से लाल सुंदर सिंह,अजीत सिंह, सन्तोष सिंह ,रामपाल सिंह, कुंवर सिंह, अमरेश कुमार बैस समेत दर्जनों की संख्या में अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

# पित्रपक्ष में श्राद्ध न करने से लगता है पित्र दोष - आचार्य कृष्णकांत

क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद। पितृ पक्ष के अवसर पर बुजुर्गों की आत्म शांति और उनके प्रति श्रद्धा भाव को लेकर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इन आयोजनों में तर्पण, पिंडदान, और अन्य धार्मिक अनुष्ठान शामिल शा शामिल हैं जो मृत पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए किए जाते हैं। इसके अलावा, विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने बुजुर्गों के सम्मान और उनकी सेवा के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं इनमें बुजुर्गों को सम्मानित करने, उनकी समस्याओं का समाधान करने, और उनके लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। पितृ पक्ष में किए जाने वाले इन आयोजनों का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान और श्रद्धा भाव को बढ़ावा देना और उनकी आत्म शांति के लिए प्रार्थना करना है। इस संदर्भ में ज्योतिषाचार्य डॉक्टर डॉक्टर कृष्णकांत अक्षर का कहना है कि पितृ पक्ष के काल में जो भी दान पुण्य भोज नहीं करते या बुजुर्गों का तर्पण नहीं करते उन्हें पितृ दोष लगता है जिसके चलते ग्रह कलाएं और तमाम प्रकार के परेशानियां मानसिक उलझनें बढ़ती हैं और लौकिक संसार में कठिनाइयां का साया बढ़ता ही जाता है इस कारण से पितृपक्ष के दौरान प्रत्येक प्राणी को दान पुण्य अवश्य करना चाहिए ताकि पितृ दोष से मुक्त रहा जा सके।



